सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 199 | इंदौर, सोमवार 29 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. NDA: 'इस बात की क्या गारंटी है कि नीतीश...?' बिहार की राजनीति पर डीएमके नेता का बड़ा बयान
2. Lalu Prasad Yadav : ईडी दफ्तर पहुंचे राजद सुप्रीमो लालू यादव, नौकरी के बदले जमीन घोटाला केस में होगी पूछताछ
3. ED: हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची ईडी की टीम, एजेंसी ने पहले ही दी थी चेतावनी
4. Haryana: सीएम मनोहर लाल की बड़ी घोषणा; पैतृक घर को अधिकारियों को सौंपा, बच्चों के लिए बनाई जाएगी ई-लाइब्रेरी
5. IND vs ENG: दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं रवींद्र जडेजा, हैदराबाद में लगी थी चोट; कुलदीप को मिल सकता है मौका
6. Ram Mandir: जैसे जगाती थीं मां कौशल्या... रामलला को वैसे ही जगाते हैं पुजारी; रोजाना संगीत सुनते हैं आराध्य

बड़ी प्रशासनिक सर्जरी

# 18 आईएएस के तबादले

## डॉ. मोहन सरकार में हटाए गए अफसरों को महीनेभर बाद विभागों की जिम्मेदारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव सरकार में हटाए गए आईएएस अफसरों को करीब एक महीने के इंतजार के बाद विभाग सौंप दिए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने रविवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिसमें पूर्व की शिवराज सरकार में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव रहे मनीष रस्तोगी, जनसंपर्क आयुक्त रहे मनीष सिंह, मुख्यमंत्री के उप सचिव रहे नीरज वशिष्ठ समेत अन्य अधिकारियों को विभागों की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इस आदेश में गुना कलेक्टर के पद से हटाए गए तरुण राठी, शाजापुर कलेक्टर के पद से हटाए गए किशोर कान्याल को भी मंत्रालय में नए विभाग सौंपे गए हैं। रविवार को 18 सीनियर आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं।

### किस अधिकारी को क्या जिम्मेदारी सौंपी

तकनीकी शिक्षा कौशल विकास विभाग और कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव को ऊर्जा नवकरणीय ऊर्जा विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। पीएचई विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला को राज्यपाल का प्रमुख सचिव बनाया गया है। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डीपी आहूजा अब पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव होंगे। सुखबीर सिंह लोक निर्माण विभाग और उद्यान की विभाग के प्रमुख सचिव थे। सुखबीर सिंह से क्कङ्घष्ठ वापस लेकर आहूजा को दिया गया है। सुखबीर के




पास अब सिर्फ उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी है।

1. तकनीकी शिक्षा कौशल विकास विभाग और कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव को ऊर्जा नवकरणीय ऊर्जा विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है।
2. पीएचई विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला को राज्यपाल का प्रमुख सचिव बनाया गया है।
3. मनीष रस्तोगी को प्रमुख सचिव जेल विभाग बनाया गया है।
4. सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के आयुक्त ई.रमेश कुमार को जनजातीय कार्य विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। रमेश कुमार के पास धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग और आयुक्त आदिवासी विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।
5. स्टडी लीव से लौटने के बाद पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत निशांत वरबड़े को उच्च शिक्षा आयुक्त बनाया गया है।
6. महिला बाल विकास विभाग के आयुक्त डॉ रामराव भोंसले को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का आयुक्त बनाया गया है।
7. मध्यप्रदेश खादी ग्राम उद्योग बोर्ड की आयुक्त सूफिया फारूकी वली को अब महिला एवं बाल विकास विभाग का आयुक्त बनाया गया है।
8. मनीष सिंह को मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता प्रतितोषण विवाद आयोग का रजिस्ट्रार बनाया गया है।
9. तरूण राठी जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी) के संचालक बनाए गए हैं।
10. सौरभ कुमार सुमन को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का संचालक सह आयुक्त बनाया गया है।
11. मोहित बुंदस हस्तशिल्प हथकरघा विकास निगम और मध्य प्रदेश खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के प्रबंध संचालक बनाए गए हैं।
12. निधि निवेदिता को महिला वित्त एवं विकास निगम का प्रबंध संचालक बनाया गया है।
13. कुमार पुरुषोत्तम पिछड़ा वर्ग एवं अल्प कल्याण अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के उप सचिव बनाए गए हैं।
14. पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लंबे समय तक ओएसडी रहे नीरज वशिष्ठ को विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति विभाग का संचालक बनाया गया है।
15. शाजापुर में ड्राइवर्स की हड़ताल के दौरान बयान देकर विवादों के चलते हटाए गए आईएएस किशोर कन्याल को वन विभाग में उप सचिव बनाया गया है।

# खजराना गणेश मंदिर में तिल चतुर्थी मेले की शुरुआत

भगवान को लगा सवा लाख लड्डुओं का भोग, एक लाख से अधिक भक्त करेंगे दर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अति प्राचीन और अटूट आस्था का केंद्र श्री खजराना गणेश मंदिर में आज से तीन दिनी तिल चतुर्थी मेले की आज से शुरूआत हो गई। रविवार रात 12 बजे गणेशजी का स्वर्ण मुकुट सहित स्वर्ण आभूषणों से श्रृंगार किया गया। इसके बाद तिल-गुड़ के सवा लाख लड्डुओं से भोग लगाया गया। इस दौरान सुबह से ही भगवान गणेश के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।**

सोमवार सुबह 10 बजे कलेक्टर एवं मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष सिंह, मंदिर प्रशासक हर्षिका सिंह, विधायक महेंद्र हार्डिया इस महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। तिल-गुड़ के सवा लाख लड्डुओं के प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। मंदिर परिसर स्थित 40 मंदिरों की ध्वजा का पुजारी पं. मोहन भट्ट और पं. अशोक भट्ट के निर्देश में पूजन होगा। मेले के पहले रात 8.30 बजे से मोहित अग्रवाल का शास्त्रीय गायन भी होगा।




**दो करोड़ के स्वर्ण आभूषणों से खजराना गणेश का श्रृंगार-** गणेश मंदिर में तिल चतुर्थी के उपलक्ष्य में भगवान गणेश का दो करोड़ की लागत से स्वर्ण आभूषणों से श्रृंगार किया गया। श्रृंगार में स्वर्ण मुकुट, स्वर्ण चंद्रिका, स्वर्ण छत्र, स्वर्ण तिलक आदि आभूषणों से किया गया। खास बात ये है कि १७३५ में खजराना गणेश मंदिर की स्थापना भी तिल चतुर्थी के मौके पर ही हुई थी। उस वक्त देवी अहिल्याबाई होलकर ने इस मंदिर की नींव रखी थी। खजराना गणेश मंदिर परिसर में लगने वाले तिल चतुर्थी मेले में हर साल लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### रविवार रात 12 बजे लगा बप्पा का भोग

आठ भट्टियों पर ४० रसोइयों द्वारा खेमजी महाराज के निर्देशन में पिछले 5 दिनों से बनाए जा रहे सवा लाख लड्डुओं का रविवार रात 12 बजे बप्पा को भोग लगाया गया। मंदिर पुजारी अशोक भट्ट बताया कि मेले के शुभारंभ के बाद तिल-गुड़ के सवा लाख लड्डुओं के प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# हम कुत्तों के दुश्मन नहीं लेकिन इनसे बचाव भी जरूरी

## आवारा कुत्तों से परेशान शहर के बुद्धिजीवी हुए एकजुट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में आवारा कुत्तों द्वारा राजगीरों को काटने की घटनाएं दोनों दिन बढ़ती जा रही है । आवारा कुत्तों को लेकर शहर के बुद्धिजीवी लोग आज नेहरू पार्क में एकजुट हुए । यहां स्वान प्रेमी भी मौजूद थे । यहां अधिकांश लोग कुत्तों के काटने से पीड़ित थे या उनके परिजन आवारा कुत्तों के शिकार बन चुके थे।**

उन्होंने एकजुट होकर यही कहा कि हम कुत्तों के दुश्मन नहीं है । हम भी जानते हैं कि बे बेजुवान जानवर है। उन्हें भी धरती पर रहने का हक है लेकिन उनके काटने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और कई लोगों की जान भी जा चुके हैं। कुछे लोगों ने मेनका गांधी का हवाला दिया कि कुत्तों को मारा नहीं जा सकता है। इस बात पर कुत्ता पीड़ित पक्ष का यहीं कहना था कि क्या मेनका गांधी कहती है कि कुत्ते हमारे बच्चों पर हमला करे तो हम देखते रहे। यह किसी एक की समस्या नहीं है इससे निजाद जरुरी है।

हम लोग सफाई में सात बार पहली नम्बर पर है । शहर से गाये गायब हो गई लेकिन शहर अवरा कुत्तों से कब मुक्त होगा। हम लोग तमाम टैक्स देने के बाद भी इस समस्या से परेशान हो रहे । जिस तरह गयों को लिए गौशाला बनी है उसी तरह अवारा कुत्तों के लिए भी शेल्टर होम बनना चाहिए।

कुछ श्वान प्रेमियों ने अपने तर्क भी रखे कि वे भूखे होते है हमें उनकी मदद करना चाहिए । इस पर अवारा कुत्तों से पीडित लोंगों ने भी इस बात का समर्थन किया कि हम मदद करते है हम कुत्तों के दुश्मन नहीं है, जिस तरह से इनके काटने की घटनाएं बढ़ रही है उसकों लेकर उन्हें अलग से रखने की व्यवस्था करनी चाहिए।

पालतु कुत्तों को लेकर भी समस्याएं समाने आई जिसमें पीडितों ने बाताया कि ये पशु प्रेंमी दूसरों के घरों के सामने गंदगी कराते है और मना करने पर यह लोग विरोध तथा मारपीट पर भी उतारु हो जाते है। इन सभी मुद्दों पर चर्चा करने के बाद पीड़ितों ने महापौर व कलेक्टर को अवगत कराने साथ ही जनप्रतिनिधियों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

# शहर के रामसर साइट सिरपुर पर होगा अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम

## कार्यक्रम में शिरकत करेंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री

### महापौर द्वारा सिरपुर तालाब पर बर्ड वाचिंग के लिए व्यू प्वाइंट बढ़ाने के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अगले माह 2 फरवरी विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर इंदौर के सिरपुर तालाब पर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के मुख्य आथित्य में होने वाले अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा सिरपुर तालाब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जल कार्य प्रभारी अभिषेक बबलू शर्मा, क्षेत्रीय पार्षद श्री महेश चौधरी कार्यक्रम के प्रभारी एवं अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, वन विभाग के डीएफओ, एसडीम, निगम के अन्य अधिकारी आदि



उपस्थित थे।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर के लिए यह बहुत ही बडी बात है कि आगामी 2 फरवरी को विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर शहर के सिरपुर तालाब पर अंतरराष्ट्रीय आयोजन होने जा रहा है जिसमें देशभर की 75 से अधिक रामसर साइट के प्रतिनिधि के साथ ही प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव के मुख्य आथित्य में एवं सेक्रेटरी रामसर कन्वेंशन ऑन वेटलैंड डॉ मसुंडा मुंबा, माननीय श्री कैलाश विजयवर्गी नगरीय प्रशासन मंत्री की उपस्थिति में सिरपुर तालाब एवं इसके समीप स्थित अमृत गार्डन में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### अधिकारियों को निर्देश दिए गए

इंदौर शहर के सिरपुर तालाब एवं यशवंत सागर तालाब को देश की रामसर साइट में सम्मिलित किया गया है, आगामी 2 फरवरी को आयोजित समारोह के अंतर्गत रामसर साइट सिरपुर तालाब पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में आज निरीक्षण किया गया एवं सिरपुर तालाब पर बर्ड वाचिंग के लिए व्यू प्वाइंट बढ़ाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं इसके साथ ही सिरपुर तालाब के आसपास से अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ ही व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विदित हो कि 2 फरवरी 1971 को ईरान के रामसर शहर में विश्व में वेटलैंड आद्रभूमि को संरक्षित करने के लिए सम्मेलन आयोजित किया गया था वहां पर हुए समझौते के तहत रामसर कन्वेंशन स्थापित किया गया है एवं प्रतिवर्ष 2 फरवरी को विश्व वेटलैंड दिवस मनाया जाता है, विश्व में कई स्थान पर वेटलैंड (आद्रभूमि) को रामसर साइट्स घोषित की गई है, जिसमें से इंदौर के सिरपुर तालाब एवं यशवंत सागर तालाब को भी रामसर साइट घोषित किया गया था।

## सड़कों संबंधी निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरे हो

# सांवेर में लगभग 87 करोड़ रुपए लागत के 125 किलोमीटर लंबाई के मार्ग निर्माण जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने निर्देश दिए हैं कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य त्वरित गति से निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किये जाए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। निर्माण कार्यों में लापरवाही और उदासीनता बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने समीक्षा करते हुए बताया की जो कार्य स्वीकृत हो गए हैं उनका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाए। जो निर्माण कार्य प्रगति पर है उनका निर्माण कार्य अति शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में देरी और गुणवत्ता के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### निर्माण कार्यों की ताजा स्थिति

1. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 25 करोड़ 40 लाख रुपए लागत की 27 किलोमीटर लंबाई के मार्ग निर्माण चल रहे हैं।
2. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 17 करोड़ 66 लाख रुपए लागत से चार ब्रिज बनाये जा रहे है।
3. यूपीजी योजना के अंतर्गत 7 करोड़ रुपए लागत से चार सड़को का निर्माण कार्य भी चल रहा है।
4. सांवेर विधानसभा क्षेत्र में मंडी निधि से दो करोड़ 68 लाख रुपए लागत से कटक नदी में तराना देवली मार्ग पर पुल निर्माण किया जा रहा है।
5. इसी तरह 126 किलोमीटर लंबाई के मार्ग संधारण की कार्यवाही भी की जा रही है।
6. सांवेर में सड़कों संबंधी 609 करोड़ रुपए के कार्य प्रस्तावित हैं।
7. लगभग 87 करोड़ रुपए लागत के 125 किलोमीटर लंबाई के मार्ग निर्माण प्रगति पर हैं।

## कटाक्ष




# इंदौर डेवलपमेंट प्लान को तैयार करने में जुटे अफसर

**इंदौर। इंदौर के डेवलपमेंट प्लान-2021 को जनप्रतिनिधियों से विचार-विमर्श के पश्चात निगम , आईडीए और टीएनसीपी के अधिकारियों की एक टीम बनाई गई है जो प्लान पर काम कर रही है। अफसरों की टीम को पूरा प्लान तैयार करने में कम से कम 15 से 20 दिन लगेंगे। इसके बाद इसे अंतिम रूप दिया जायेगा। डेवलपमेंट प्लान के संबंध में जनप्रतिनिधियों से विचार-विमर्श के लिये शीघ्र ही बैठक आयोजित की जायेगी। इस बैठक में डेवलपमेंट प्लान में कितना एरिया होगा और शासकीय जमीनों का लेखा जोखा रखा जाएंगा।**

उल्लेखनीय है की पिछले दिनों कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में इंदौर डेवलपमेंट प्लान-2021 को तैयार करने के संबंध में की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी।

इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश डॉ. शुभाशीष बनर्जी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इंदौर डेवलपमेंट प्लान को तैयार करने के संबंध में अब तक की गई कार्यवाहियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि जनप्रतिनिधियों से चर्चा के पश्चात इसे शीघ्र अंतिम रूप दिया जाये। डेवलपमेंट प्लान को कम्पलिट करने के लिये कार्य को गति प्रदान करें। डेवलपमेंट प्लान जल्दी तैयार हो, इसके लिये समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही की जाये। डेवलपमेंट प्लान का मुख्य आधार मेट्रोपॉलिटन एरिये को भी बनाया जाये।

# सोलर सीटी बनाने के लिए सौंपा महापौर को संकल्प पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा इंदौर शहर को सोलर सीटी बनाने के कम में शहरवासियों की अपील की गई थी इसी कम में आज सिद्धार्थ नगर रहवासी संगठन के पदाधिकारियों से सिद्धार्थ नगर में बैठक ली गई। बैठक में पार्षद श्री योगेश गेंदर, सिद्धार्थ नगर रहवासी संगठन के श्री वीके उपाध्याय, श्री राजेश जैन, श्री विनोद कासलीवाल व बड़ी संख्या में रहवासी गण उपस्थित थे।**



महापौर श्री भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री के आव्हान के पूर्व ही इंदौर शहर में मान मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री के निर्देशन में इंदौर को सोलर सीटी बनाने के लिये कार्य किया जा रहा है, उपरोक्त कम में इंदौर शहर में नागरिको के सहयोग से इंदौर को सोलर सीटी बनाने हेतु शहर वासियों से अपील की गई थी सी कम में आज सिद्धार्थ नगर रहवासी संगठन द्वारा अपनी कालोनी को शत-प्रतिशत सोलर कालोनी बनाने से संबंधित संकल्प पत्र महापौर श्री भार्गव को दिया गया।

## सोलर सिस्टम लगाने से नागरिको को होगा लाभ

महापौर श्री भार्गव ने कहा कि इंदौर को सोलर सिटी व डिजिटल सीटी बनाने के लिये वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में प्रावधान किया गया था जिसके क्रम में हमारे द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके लिये पोर्टल के माध्यम से. सोलर सिस्टम लगाने के लिये संपूर्ण जानकारी के साथ ही सोलर सिस्टम की स्थापना, सब्सिडी व लाभ के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध है। साथ ही सोलर सिस्टम लगान के लिय अधिकृत वेंडर की भी लिस्ट उपलब्ध है, पर इन सबसे जरूरी है कि सोलर सिस्टम लगाने से नागरिको क्या लाभ है और इससे उनके आवास के बिजली व्यय में क्या कमी आयेगी इस संबंध में विस्तार से जानकारी भी दी गई।

# एनीमिया से ग्रसित बच्चों की जांच एवं उपचार के लिये चलेगा दस्तक अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में एनीमिया से ग्रसित बच्चों की जांच एवं उनके उपचार के लिये अभियान चलाया जायेगा। दस्तक नाम से संचालित यह अभियान आगामी 30 जनवरी से प्रारंभ होकर 29 फरवरी 2024 तक चलेगा। इस संबंध में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार विभाग, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्त्वाधान में एनीमिया मुक्त भारत एवं दस्तक अभियान संबंधी कार्यशाला का गत दिवस यहां आयोजन किया गया।**

एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम् के अंतर्गत पोषण, आईएफए सिरप एवं गोलियों के लाभ, सामान्य सहप्रभाव एवं भ्रांतियों से मुक्ति, आईएफए सिरप एवं गोलियों की उपलब्धता, मॉनिटरिंग तथा आपसी समन्वय पर विस्तार से चर्चा हुई। एनीमिया होने से बच्चे का विकास बाधित होता है, सामान्य सीखने की प्रकिया प्रभावित होती है। 06 माह से 19 वर्ष तक के बच्चों को आयु अनुसार खुराक दी जाती है। इसकी सघन मॉनिटरिंग की आवश्यकता है। जिले में 30 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक दस्तक अभियान का प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें 9 माह वे 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन अ का अनुपुरन किया जायेगा। सीएनएनएस 2018 के सर्वे के अनुसार मध्यप्रदेश मे 20 प्रतिशत बच्चों में विटामिन-ए की कमी पाई गई है, विटामिन-ए अनुपूर्ण से रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, आँखों की रोशनी, त्वचा व श्वसन तंत्र मजबूत बनता है।

## संगीत कक्ष का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के पोलोग्राउंड स्थित मुख्यालय में संगीत कक्ष का रंगारंग प्रस्तुति के साथ शुभारंभ किया गया। प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने 10 लाख से अधिक लागत से तैयार संगीत कक्ष का शुभारंभ प्रस्तुति के साथ किया। मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य भी मौजूद थे।शुभारंभ बेला पर संयुक्त सचिव श्री तरूण उपाध्याय ने विशेष रुप से ह्यएक रास्ता है जिंदगी जो थम गए तो कुछ भी नहीं ह्यगीत की विशेष प्रस्तुति दी। कंपनी मुख्यालय परिसर स्थित ग्राउंड पर ही अधिकारियों के बीच क्रिकेट मैच भी हुआ। इसमें प्रबंध निदेशक की टीम 10 विकेट से जीती। मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री नरेन्द्र बिवालकर, स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर प्रभारी श्री नवीन गुप्ता ने 60से ज्यादा रन बनाकर श्रेष्ठता साबित की।

## दहशत से घरों के अंदर लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गांधीनगर क्षेत्र में एक सप्ताह बाद भी तेंदुए और उसके शावकों का मूवमेंट जारी है। अब तक अलग-अलग क्षेत्रों में तेंदुए की आहट मिली है। कहीं रहवासी ने देखा तो कहीं सीसीटीवी में कैद हुआ, लेकिन वन विभाग के हाथ अब भी खाली हैं। शुक्रवार को हिंगोनिया गांव और शनिवार को टीसीएस के पास फिर तेंदुआ दिखने जानकारी वन विभाग को मिली थी। फॉरेस्ट की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर सर्चिंग की, लेकिन तेंदुए की कोई लोकेशन नहीं मिली। अब कैमरों की संख्या बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। दरअसल, वन विभाग गांधीनगर क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में लगातार तेंदुए की तलाश कर रहा है। इसमें 50 कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें तेंदुए की तलाश में जुटी हैं, वहीं तकनीक का भी सहारा लिया जा रहा है। ड्रोन, नाइट विजन कैमरे और दूरबीन की सहायता से तेंदुए को तलाशा जा रहा है। हालांकि अब भी तेंदुआ पकड़ से दूर है।

# अयोध्या से लौटे संत-महात्माओं को किया सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भगवान प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को जिसने भी देखा वह राममय हो गया।अद्भुत आलौकिक व्यवस्था को देखकर साधु-संत महात्मा भी गदगद हो गए। देशभर से 4000 से ज्यादा संत- महात्मा भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव के सहभागी बन अयोध्या पहुंचे थे। हर कोई मंदिर ट्रस्ट की ओर से की गई व्यवस्थाओं को देख अभिभूत था। इसमें राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत आदि कई राज्यों के अलग-अलग व्यंजनों की व्यवस्था संत- महात्माओं के लिए की गई थी। यही नहीं पूजन के बाद दर्शन व्यवस्था को देखकर सभी संत अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। यह संस्मरण बाते विश्व ब्राह्मण समाज संघ द्वारा अयोध्या से लौटकर इंदौर आए संत-महात्माओं के सम्मान समारोह में महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा ने सुनाएं।



विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय संत समिति नई दिल्ली के संयोजक पं. योगेंद्र महंत (पूर्व राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त) विश्व ब्राह्मण समाज संघ के प्रदेश संयोजक पवन दास महाराज को भी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने संत- महात्माओं के साथ आमंत्रित किया था। इंदौर के रामचंद्र नगर पर विश्व ब्राह्मण समाज संघ की ओर से अयोध्या से आए संत-महात्माओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर हंस पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामचरणदास महाराज, अखंड धाम पीठाधीश्वर डॉ. चैतन्य स्वरूप महाराज, महामंडलेश्वर राधे-राधे बाबा, पं. योगेंद्र महंत, पं. पवन दास महाराज, महंत यज्ञत्र दास महाराज, पं अमितदास महाराज आदि संत-महात्माओं का शॉल- श्रीफल और भगवान राम दरबार की प्रतिमा प्रदान कर सम्मान किया गया। इस मौके पर विश्व ब्राह्मण समाज संघ के पं. अशोक चतुर्वेदी, पं. गिरिजेश तिवारी, पं. अशोक भट्ट, पं.रामचंद्र दुबे, पं. अशोक पांडे, पं. सुरेश पाठक, पं. बीके शर्मा, पं. पुष्पकुमार भार्गव, पं.लक्ष्मीनारायण भार्गव, पं. अनंत महंत आदि ने अयोध्या से पधारे सभी संत-महात्माओं का स्वागत वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अयोध्या से पधारे संत-महात्माओं ने अपने संस्मरण भी सुनाएं और भाव विभोर हो गए। आयोजन के दौरान कई बार जय श्रीराम सीता राम का जय घोष भी लगाते रहे। आयोजन में पं. योगेंद्र महंत ने कहा कि भगवान श्रीराम के दर्शन प्राप्त कर जीवन धन्य हो गया। मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन की व्यवस्थाएं अद्भुत रही। संचालक पं. अशोक चतुर्वेदी ने किया। आभार पं.अनंत महंत ने माना।

# राष्ट्र को समर्पित की पहली मीटिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नवरंग ग्रुप इंदौर की पहली मीटिंग राष्ट्र को समर्पित करते हुए होटल साउथ एवेन्यू में आयोजित की गई। क्लब के डेढ़ सौ सदस्य तिरंगे के तीनों कलर में सज धज कर देश प्रेम के रंग में तैयार होकर आए ।मीटिंग की शुरूआत राष्ट्रगान गाकर की गई। सभी को तील्ली के लड्डू खिलाकर और सिर पर तीन रंग की टोपी पहनाकर सर्वप्रथम देशभक्ति का तंबोला खेला गया, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। देश भक्ति अंताक्षरी और साथ ही क्विज कंपटीशन, डांस प्रतियोगिता और देशभक्ति गीत की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।संचालिका ममता नीमा और अंजना माहेश्वरी ने बताया की विजेता के रूप में सविता माहेश्वरी रही। अंताक्षरी प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप ने बाजी मारी जिसमें रश्मि अटासनिया,सरिता सोडाणी, रमा काबरा, ममता साहू ,ज्योति काकानी , शांति जैन,सुजाता तिवारी, पुष्पा अग्रवाल, लाजवंती मंगलनी आदि सदस्य थे। सभी सदस्यों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।कार्यक्रम का संचालन संचालिका राजकमल माहेश्वरी ने किया।

# आरडीएसएस में देश का पहला ग्रिड पर सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने शासन की महती आरडीएसएस योजना के तहत तेजी से व गुणवत्ता के साथ कार्य किया। कंपनी इंदौर ग्रामीण वृत्त के अधीन ईमलीखेड़ा में आरडीएसएस का देश का पहला ग्रिड तैयार हुआ। इसके बाद अन्य 11 ग्रिड और तैयार हुए व लाखों लोगों के लिए बिजली और गुणवत्ता के साथ प्रदान की जाने लगी है। इंदौर में अरविंदो के पास इमलीखेड़ा में आरडीएसएस के तहत देश का पहला ग्रिड बनाने पर एसटीसी के इंजीनियर श्री ज्ञानेंद्र गौड़ का सम्मान मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, कलेक्टर श्री आशीष सिंह आदि ने किया। उन्हों एमडी श्री अमित तोमर, एसई डा . डीएन शर्मा , अभिषेक रंजन आदि ने बधाई दी। इंदौर ग्रामीण में ग्रिडों पर केपेसिटर बैंक का भी कार्य सबसे पहले पूर्ण किया गया हैं।

# सीएम हेल्पलाइन में 92 हजार शिकायत निराकृत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सीएम हेल्प लाइन 181 में दर्ज होने वाली बिजली संबंधी शिकायतों के उचित तरीके से समय पर निराकरण में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अत्यंत गंभीरता रखकर दैनिक समीक्षा के आधार पर कार्य करती है। कंपनी एमडी श्री अमित तोमर ने बताया कि कंपनी ने वर्ष 2023 में 92 हजार शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया है। कंपनी के शाजापुर एवं इंदौर शहर, इंदौर ग्रामीण के अधीक्षण यंत्रियों को कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्प लाइन में श्रेष्ठ कार्यों के लिए पुरस्कृत भी किया गया हैं। 22 जनवरी को भोपाल से जारी रेटिंग में भी कंपनी क्षेत्र के सभी जिले ए श्रेणी के रहे।

# पदाधिकारियों की हुई शपथ विधि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौरी। श्री अग्रवाल मैत्री संघ विजय नगर की नई कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह समाजसेवी किशोर गोयल, जगदीश बाबाश्री, श्रीमती पुष्पलता के आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों ने वर्ष 2024-25 के लिए निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. पवन गर्ग, सचिव नरेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बंसल सहित नई कार्यकारिणी के सदस्यों को समाजसेवा की शपथ दिलाई। अतिथियों ने बंजर पहाड़ी को हरे-भरे केशर पर्वत में बदलने के डॉ. शंकर लाल गर्ग के पुरुषार्थ की खुले मन से प्रशंसा करते हुए युवा पीढ़ी को भी उनसे प्रेरणा लेने का आव्हान किया।

# परिचय सम्मेलन सम्पन्न

**इन्दौर।** सकल तंबोली(चौरसिया) समाज का निशुल्क परिचय राम भगवान की आराधना करने के बाद परिचय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। विशेष अतिथि के रूप में कैलाश विजयवर्गी, गौरव रणदिवे , पुष्यमित्र भार्गव , रमेश मंडोला , गोलू शुक्ला , मधु वर्मा , उपस्थित थे और समाज के सैकड़ो सदस्य इस सम्मेलन में उपस्थित हुए। परिचय सम्मेलन में मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों से प्रतिभागी युवक युवती खालसा स्टेडियम पर अपना परिचय देने उपस्थित हुए हैं, जिसमें 21 युवक युवतियों के संबंध आज तय हुए।सोनू चौरसिया जिला अध्यक्ष तंबोली समाज मोनू चौरसिया पंकज चौरसिया ज्ञानचंद चौरसिया, योगेश चौरसिया, गौरी चौरसिया, जय चौरसिया, राकेश चौरसिया, पूनम चंद चौरसिया और मंच का संचालक द्वारका चौरसिया ने किया।

# उज्जैन में सरदार पटेल- अंबेडकर की मूर्तियां लगेंगी

## 3 दिन पहले ट्रैक्टर से मूर्ति तोड़ने पर हुआ था बवाल; दोनों पक्षों में समझौता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में सरदार पटेल की मूर्ति ट्रैक्टर से तोड़ने के बाद हुए बवाल में रविवार को समझौता हो गया। अब यहां सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. भीमराव अंबेडकर दोनों की मूर्तियां लगाई जाएंगी। दोनों पक्षों की सहमति से यह निर्णय लिया गया है।**



उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, एसपी सचिन शर्मा की मौजूदगी में दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों की समन्वय बैठक हुई। इस दौरान, दोनों पक्ष के लोगों ने दोनों प्रतिमाएं लगाने और आपसी तालमेल बनाए रखने की बात कही। प्रशासन ने घटना के बाद दोनों पक्षों पर दर्ज केस के निराकरण करने की बात भी कही।

माकड़ोन में गुरुवार को पाटीदार समाज और भीम आर्मी आमने-सामने आ गए थे। विवाद सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति उखाड़कर तोड़फोड़ करने पर हुआ था। एक पक्ष के लोगों ने ट्रैक्टर चढ़ाकर मूर्ति गिरा दी। फिर रॉड और पत्थर मारकर मूर्ति में तोड़फोड़ की थी। इससे दूसरा पक्ष नाराज हो गया था।

दोनों पक्षों में पथराव हुआ और लाठियां चलीं थी। भीड़ ने कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ कर आग लगा दी थी। कई दुकानों में भी पथराव किया गया था। सब इंस्पेक्टर लालचंद शर्मा इसमें घायल हो गए थे। मामले में माकड़ोन टीआई भीम सिंह देवड़ा को निलंबित किया गया था।

### रात में असामाजिक तत्वों ने लगाई थी मूर्ति

माकड़ोन मंडी गेट और बस स्टैंड के पास जमीन खाली पड़ी है। भीम आर्मी चाहती थी कि यहां डॉ. अंबेडकर की मूर्ति लगाई जाए, जबकि पाटीदार समाज के लोग सरदार पटेल की मूर्ति लगाने की मांग करते आ रहे हैं। मामला पंचायत में विचाराधीन है। बुधवार रात असामाजिक तत्वों ने इस जमीन पर सरदार पटेल की मूर्ति स्थापित कर दी। दूसरे पक्ष के लोगों को इसका पता चला, तो वे सुबह जमा हो गए और मूर्ति गिरा दी।

### अफसरों ने दोनों पक्षों को बुलाया-

प्रशासनिक संकुल भवन में हुई बैठक में कलेक्टर ने दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों को बात रखने के लिए कहा। दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों ने घटना पर दुःख व्यक्त किया। साथ ही, दोनों पक्षों ने भविष्य में शांति और सामंजस्य बनाए रखने का आश्वासन दिया।

### दोनों की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी-

बैठक में पाटीदार समाज माकड़ोन के अध्यक्ष किरण वडिया और अजाक्स के जिलाध्यक्ष डॉ. आरएल परमार भी मौजूद रहे। निर्णय लिया गया कि सरदार पटेल और डॉ. अंबेडकर दोनों की मूर्तियां पुनः स्थापित की जाएंगी। सरदार पटेल की मूर्ति पुनः उसी जगह लगाई जाएगी। बस स्टैंड पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति भी लगेगी।

एसपी सचिन शर्मा ने कहा कि भविष्य में जिम्मेदार शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस माकड़ोन में पेट्रोलिंग कर रही है। एएसपी नितेश भार्गव माकड़ोन में मौजूद रहेंगे। भविष्य में स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की बैठक होगी। वहीं, मूर्ति की स्थापना की प्रक्रिया नियमानुसार की जाएगी।

# प्रॉपर्टी डीलर, प्रिंसिपल पत्नी और बेटे ने आत्महत्या की

## पति ने हाथ की नस भी काटी; सुसाइड नोट में लिखा- बेटे को देवेंद्र परेशान करता था



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में प्रॉपर्टी डीलर, पत्नी और बेटे ने आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह मकान के आगे वाले कमरे में 17 साल के बेटे का शव पंखे के कुंदे से फांसी के फंदे पर लटका मिला। पति-पत्नी के शव सीढ़ियों की ग्रिल पर फंदे पर लटके मिले। घटनास्थल पर खून भी काफी फैला था।

प्रॉपर्टी डीलर ने फांसी से पहले हाथ की नस भी काटी। पुलिस को स्पॉट से सुसाइड नोट मिला है। इसमें प्रॉपर्टी डीलर ने किसी देवेंद्र पाठक का नाम लिखकर बेटे को परेशान करने का आरोप लगाया है। घटना हुरावली रोड हारखेड़ा, सिरोल की है। जीतू उर्फ जितेंद्र झा (50) के परिवार में पत्नी त्रिवेणी झा (47) और बेटा अचल झा (17) ही साथ रहते थे। त्रिवेणी आर्मी स्कूल की ऑफिशियल ब्रांच शाहबाज स्कूल में प्रिंसिपल थीं। शनिवार से ही तीनों किसी का कॉल रिसीव नहीं कर रहे थे। प्रॉपर्टी डीलर के दोस्त लगातार कॉल कर रहे थे। रविवार को जब वह घर पहुंचे तो मेन चैनल गेट पर अंदर से ताला लगा था। कोई हलचल नहीं थी। उन्होंने प्रॉपर्टी डीलर के ससुर को फोन लगाया। ससुर और प्रॉपर्टी डीलर के दोस्त किसी तरह घर के अंदर एंटर हुए।

देखा तो पहले वाले रूम के दरवाजे की कुंडी नहीं लगी थी। अंदर प्रॉपर्टी डीलर का जवान बेटा फांसी पर लटका था। इसके बाद सभी आगे बढ़े तो सीढ़ियों के ग्रिल से प्रॉपर्टी डीलर और पत्नी के शव लटके थे।

### बेटे की नोटबुक में मिला सुसाइड नोट

पुलिस और फॉरेंसिक टीम का शुरुआती जांच में यही मानना है कि तीनों ने सुसाइड किया है।

पुलिस जब घटनास्थल पर जांच कर रही थी तो स्टडी टेबल पर बेटे की नोट बुक में सुसाइड नोट मिला। नोट प्रॉपर्टी डीलर की ओर से लिखा गया है। इसमें लिखा, ह्यमेरे बेटे की मौत का जिम्मेदार देवेंद्र पाठक है। यह कोई आत्महत्या नहीं है। देवेंद्र साक्षी अपार्टमेंट के सामने कॉलोनी में रहता है। मेरे बेटे को इन्होंने बहुत परेशान किया है, इसलिए उसने फांसी लगा ली। मेरा सिर्फ यह अनुरोध है कि देवेंद्र को कड़ी सजा दी जाए।

# 13 लाख रुपए की नई कार फूंकी

## बालाघाट में पेट्रोल डालकर लगाई आग, एक महीने पहले ही खरीदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट। बालाघाट में एक शख्स ने 13 लाख रुपए कीमत की अपनी नई कार में आग लगा दी। इसका वीडियो भी सामने आया है। वह कार को सर्विस सेंटर ले गया था। जहां उसने कार पर पेट्रोल छिड़का और फिर माचिस की जलती तीली उस पर फेंक दी। देखते ही देखते कार जलने लगी। बाद में वहां मौजूद कर्मचारियों ने आग को बुझाया।**

मामला जिले के वारासिवनी में रविवार दोपहर करीब 2 बजे का है। कार जलाने वाले शख्स का नाम गीत वैष्णव निवासी रामपायली है। गीत ने महीनेभर पहले ही करीब 13 लाख रुपए कीमत की मारुति कंपनी की कार खरीदी थी। उसमें तकनीकी खराबी आने के बाद वह कार को कामठी मोटर सर्विसिंग सेंटर लेकर आया था। कार को आग लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### सर्विस सेंटर प्रभारी बोले- गाड़ी नई थी, पहली सर्विसिंग के लिए लाया था

सर्विस सेंटर के संचालक मिथिलेश सुराना ने बताया कि गाड़ी नई थी। इसकी पहली सर्विसिंग के लिए वाहन मालिक आया था। उसने कार को लेकर शिकायत की थी। जिस पर उसे शाम 4.30 बजे के बाद लिखित शिकायत देने को कहा था। वाहन मालिक ने 2 बजे ही आकर कार में आग लगा दी। बाद में उसके परिजन आकर मामले को सुलझाने की मांग करने लगे। हमने पुलिस को इसकी सूचना दे दी है। कार मालिक का कहना है कि एक महीने पहले ही गाड़ी खरीदी थी, तब से ही उसमें खराबी थी।

## थाने में टेबल पर शव रखकर प्रदर्शन

# फिर भड़का आदिवासी समाज, पुलिस पिटाई से दुखी युवक ने लगाई थी फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम के बाजना में पुलिस की पिटाई से दुखी होकर युवक की खुदकुशी मामले में गुस्साए लोगों ने रविवार को फिर थाने में प्रदर्शन किया। परिजनों ने थाने में ही टेबल पर युवक का शव रखकर धरना प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने कहा कि पूरे थाने का स्टाफ बदला जाए। नहीं तो शव को थाने में ही जलाएंगे।



प्रशासन ने मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक दिया। जिसके बाद धरना खत्म हुआ। विधायक कमलेश्वर डोडियार भी वहां पहुंचे और परिजनों को शव के अंतिम संस्कार के लिए राजी किया। जिसके बाद परिजन शव लेकर रवाना हो गए। बता दें कि रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद परिजन फिर से शव लेकर थाने पहुंच गए थे।

### थाने पर किया था प्रदर्शन

बता दें कि छावनी झोड़िया गांव में गणेश नाम के युवक ने शनिवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उसके साथ बेवजह मारपीट की थी, जिससे दुखी होकर उसने जान दे दी। इसके बाद शनिवार को भी गुस्साए लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर बाजना थाने पर करीब 8 घंटे से ज्यादा समय तक प्रदर्शन किया था। जिसके बाद आरोपी पुलिसकर्मी को पहले निलंबित और फिर उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

# रामदास अठावले बोले- लोकसभा चुनाव लड़ेंगे शिवराज

## →भोपाल में कहा-केंद्र में मंत्री भी बनेंगे चौहान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल में केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। केंद्र में मंत्री भी बनेंगे।**

शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने के सवाल पर अठावले बोले, ह्यशिवराज ने अच्छा काम किया, इसीलिए उन्हें तीन बार मुख्यमंत्री बनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हर कास्ट को न्याय देना था इसीलिए वे नया चेहरा सामने लाए। शिवराज सिंह चौहान दिल्ली में आएंगे। आगे मंत्रिमंडल में आएंगे। कैबिनेट मंत्री बनाकर उनका आदर मोदी करेंगे।ह्व

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले शनिवार को भोपाल पहुंचे। उन्होंने मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, ह्यमध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में 163 सीट मिलीं। इसमें मोदी का तो बड़ा योगदान था ही, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी बहुत मेहनत की।

### नीतीश कुमार को कहा भी था- लालू के पास मत जाएं

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के चीफ रामदास अठावले ने बिहार की राजनीति पर भी बात की। उन्होंने कहा, ह्यहमने नीतीश कुमार से कहा भी था कि आप लालू प्रसाद के पास मत जाएं। आपको वहां नहीं जाना चाहिए था। अब देर आए, दुरुस्त आए।

New Delhi

# आज भारतीय धुनों का साक्षी बनेगा विजय चौक, समारोह में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री रहेंगे मौजूद

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** रायसीना पहाड़ियों में स्थित ऐतिहासिक विजय चौक सोमवार को 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह में सभी भारतीय धुनों का साक्षी बनेगा। बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि थल सेना, नौसेना, वायुसेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के संगीत बैंड देश के प्रतिष्ठित दर्शकों के समक्ष 31 मनमोहक और थिरकने वाली भारतीय धुनें बजाएंगे। इस अवसर पर राष्ट्रपति और सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत अन्य केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी तथा आम



जनता मौजूद रहेगी। बीटिंग रिट्रीट समारोह की शुरुआत सामूहिक बैंड 'शंखनाद' धुन के साथ करेगी। इसके बाद पाइप्स और ड्रम बैंड के माध्यम से वीर भारत, संगम दूर, देशों का सरताज भारत, भागीरथी और अर्जुन जैसी मनमोहक धुनें पेश की जाएंगी। सीएपीएफ बैंड भारत के जवान और विजय भारत का संगीत बजाएंगे। बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम का समापन लोकप्रिय धुन सारे जहां से अच्छा के साथ होगा। एजेंसी सीएपीएफ बैंड भारत के जवान और विजय भारत का संगीत बजाएंगे। टाइगर हिल, रिजॉइस इन रायसीना और स्वदेशी वायुसेना के बैंड की ओर से बजाई जाने वाली धुनों में शामिल हैं। इसके बाद दर्शक नौसेना बैंड को आईएनएस विक्रांत, मिशन चंद्रयान, जय भारती और हम तैयार हैं समेत कई अन्य धुनें बजाते हुए देख कर आनंदित होंगे।

Jharkhand

# झारखंड की 19 लड़कियों को दिल्ली से बचाया गया

## 2 तस्कर गिरफ्तार



**रांची, (एजेंसी)** झारखंड की 19 लड़कियों को हाल ही में दिल्ली के विभिन्न स्थानों से बचाया गया है। रविवार को एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह बचाव अभियान कुछ दिन पहले ही राज्य के साहेबगंज जिले से दो तस्करों की गिरफ्तारी के बाद किया गया। बचाई गई 12 से 18 साल की लड़कियां साहेबगंज जिले के बोरियो ब्लॉक की हैं। बचाई गई लड़कियों में 14 नाबालिग शामिल थीं।

बयान में कहा गया है कि एकीकृत पुनर्वास-सह-संसाधन केंद्र, नई दिल्ली के नोडल अधिकारी नचिकेता को 23 जनवरी को सूचना मिली थी कि तस्कर बोरियो ब्लॉक से कई लड़कियों को बहला-फुसलाकर दिल्ली ले आए हैं। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि तस्करों की गिरफ्तारी के बाद साहेबगंज एसपी कुमार गौरव ने तस्करों के घरों से बरामद दस्तावेजों के साथ एक टीम दिल्ली भेजी।

दस्तावेजों में मिली जानकारी के आधार पर एक बचाव अभियान चलाया गया और लड़कियों को राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न स्थानों से मुक्त कराया गया। अधिकारियों का कहना है कि मुक्त कराई गई लड़कियों को साहेबगंज जिले के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा उनके जिले के जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के माध्यम से गृह सत्यापन कराकर पुनर्वास किया जाएगा।

New Delhi

# दिल्ली पुलिस के मालखाने में भीषण अग्निकांड, 200 कारें और 250 बाइक जलकर खाक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** वाजीराबाद पुलिस स्टेशन के मालखाने में भीषण आग लग गई. आग लगने से तकरीबन 250 टू व्हीलर और 200 के लगभग कार जलकर खाक हो गई. फायर ब्रिगेड अधिकारी ने बताया कि मालखाने में आग लगने की सूचना मिलते ही 5 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया. दमकल विभाग के अधिकारी के अनुसार, मालखाना में आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर 5 फायर ब्रिगेड का गाड़ियों को रवाना किया गया था, जिन्होंने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया. इस भीषण आग से 200 कारें और लगभग 250 दोपहिया वाहन जलकर राख हो गए. हालांकि, अन्य किसी भी हताहत की जानकारी नहीं मिली है.



Uttarpradesh

# 'भैया, बचा लो... मैंने जहर खा लिया है', रोते-चिल्लाते अस्पताल पहुंचा युवक, मचा हड़कंप

**संभल, (एजेंसी)** यूपी के संभल में घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया. लेकिन जब जहरीले पदार्थ ने शरीर में असर शुरू किया तो युवक डर गया. वह अपनी जान बचाने के लिए दौड़ता और चिल्लाता हुआ जिला अस्पताल पहुंच गया. उसने डॉक्टरों से कहा- भैया, जल्दी बचा लो मुझे. मैंने जहर खा लिया है. हालांकि, इलाज के बाद उसकी हालत नाजुक बनी हुई है.

दरअसल, कैला देवी थाना इलाके के रायपुर गांव के निवासी 24 वर्षीय सतेंद्र ने रविवार दोपहर को घर में विवाद के कारण गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया. जहरीला पदार्थ खाने के कुछ देर बाद सतेंद्र के शरीर में उसका असर शुरू हुआ. ऐसे में सतेंद्र अपनी जान बचाने के लिए आनन-फानन में बीच सड़क दौड़ते और चिल्लाते हुए संभल जिला अस्पताल की इमरजेंसी जा पहुंचा. वहां सतेंद्र ने रोते-चिल्लाते हुए कहा कि मुझे बचा लो मैंने जहर खा लिया है. जल्दी बचा लो भैया. जिसके बाद फौरन अस्पताल कर्मचारियों ने उसका उपचार शुरू किया और जहर को निकालने के लिए दवाईयां देनी शुरू कीं. इसी बीच सतेंद्र के द्वारा जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी मिलने पर कैला देवी थाना पुलिस भी जिला अस्पताल पहुंच गई और उसके परिजनों से घटना की जानकारी ली.

खेल

# हैदराबाद में भारत की शर्मनाक हार

## दो सत्र में आउट हुई पूरी टीम, डेब्यू मैच में हार्टले का कमाल

हैदराबाद। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मुकाबला इंग्लैंड ने 28 रन से जीत लिया है। इस मैच में जीत के साथ ही इंग्लैंड ने पांच मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में खेला गया यह मुकाबला चार दिन में खत्म हुआ। हालांकि, भारतीय टीम के लिए यह हार बेहद शर्मनाक है। मैच की चौथी पारी में भारत सिर्फ दो सत्र में ऑल आउट हो गया।

इस मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में 246 रन बनाए थे। इसके जवाब में भारत ने 436 रन बनाकर 190 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 420 रन बनाए और भारत के सामने 231 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में टीम इंडिया 202 रन पर सिमट गई और मैच हार गई। इस मैच में चौथे दिन की शुरुआत तक भारतीय टीम मजबूत स्थिति में थी, लेकिन आखिरी दिन इंग्लैंड




ने कमाल किया और मुकाबला अपने नाम किया है। इंग्लैंड ने 190 रन से पिछड़ने के बाद यह मुकाबला जीता है। इंग्लैंड की इस ऐतिहासिक जीत के सूत्रधार रहे ओली पोप, जिन्होंने दूसरी पारी में 196 रन बनाए और टॉम हार्टले, जिन्होंने दूसरी पारी में सात विकेट लिए। अपने घर में भारतीय टीम आखिरी टेस्ट मैच इंग्लैंड के खिलाफ ही हारी थी।

हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और पहली पारी में 246 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने 436 रन बनाकर 190 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 420 रन बनाए और भारत के सामने 231 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में टीम इंडिया 202 रन पर सिमट गई और मैच हार गई।

### मैच में क्या हुआ?

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान बेन स्टोक्स के 70 रनों के चलते टीम 246 रन बनाने में सफल रही। भारत के लिए रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने तीन-तीन विकेट लिए। भारत ने इसके जवाब में 436 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 80, लोकेश राहुल ने 86 और रवींद्र जडेजा ने 87 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए जो रूट ने चार और हार्टले, रेहान ने दो-दो विकेट लिए। इंग्लैंड की दूसरी पारी में ओली पोप ने 196 और बेन डकेट ने 47 रन बनाए। भारत के बुमराह ने चार और अश्विन ने तीन विकेट लिए। इंग्लैंड की टीम 420 रन बनाने में सफल रही और भारत के सामने 231 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में भारतीय बल्लेबाज पूरी तरह फेल रहे। सबसे ज्यादा 39 रन कप्तान रोहित शर्मा ने बनाए। 28 रन बनाने वाले अश्विन और भरत टीम के दूसरे सर्वोच्च स्कोरर थे। इंग्लैंड के टॉम हार्टले ने सात विकेट लिए और टीम की जीत में सबसे अहम योगदान दिया।

सिनेमा

# दुल्हन बनेगी सनी-बॉबी देओल की भांजी, शाही अंदाज में हो रही शादी, बॉलीवुड बनेगा मेहमान



उदयपुर में एक महीने के अंदर दूसरी सेलेब्रिटी वेडिंग होने जा रही है. आमिर खान की बेटी आयरा खान के बाद, अब बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की भांजी, डॉक्टर निकिता चौधरी शादी के बंधन में बंधने वाली हैं. निकिता की शादी उदयपुर के ताज अरावली होटल में होगी. शादी के लिए परिवार के सदस्यों का उदयपुर आना शुरू हो गया है. बॉबी देओल रविवार दोपहर की फ्लाइट से, मुंबई से वहां पहुंचे और डबोक एयरपोर्ट पर नजर आए. उनके साथ उनकी मां भी थीं. एयरपोर्ट पर बॉबी के साथ फैंस ने सेल्फी ली. इसके बाद वो गाड़ी से होटल के लिए रवाना हो गए. बता दें कि यहीं पर 10 जनवरी को बॉलीवुड एक्टर आमिर खान की बेटी आयरा खान और फिटनेस ट्रेनर नुपुर शिखरे की शादी हुई थी, जिसके फंक्शन 8 से 10 जनवरी तक हुए थे. सनी देओल की भांजी निकिता चौधरी की शादी के फंक्शन 29 से 31 जनवरी तक होंगे, जिसमें मेहंदी और संगीत सेरेमनी की रस्में होंगी. बताया जा रहा है कि यह शादी पंजाबी रीति-रिवाज से होगी. निकिता की शादी किसके साथ होगी, अभी यह जानकारी सामने नहीं आई है.

## संपादकीय

# बच्चों की क्षमता का विकास नहीं

अध्यापकों को जितना ध्यान विद्यार्थियों को पढ़ाने और उनके व्यक्तित्व विकास पर देना चाहिए, वे नहीं दे पाते। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम का बोझ कम करने और विद्यार्थी की मूल प्रतिभा को निखारने, उसमें कौशल विकास कर रोजगार की ओर उन्मुख करने पर बल है। सबसे चिंताजनक स्थिति है कि बच्चों में बुनियादी पाठ तक पढ़ पाने की क्षमता का विकास नहीं हो पा रहा। शिक्षा की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है कि चौदह से अठारह वर्ष आयुवर्ग के करीब सतासी फीसद बच्चे शैक्षणिक संस्थानों में पंजीकृत हैं, मगर उनमें से पच्चीस फीसद छात्र अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में कक्षा दो के स्तर की पाठ्य सामग्री भी धाराप्रवाह नहीं पढ़ पाते। गौरतलब है कि शिक्षा संबंधी वार्षिक रिपोर्ट ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाई-लिखाई के स्तर का मूल्यांकन करने के मकसद से तैयार की जाती है। इसमें मुख्य रूप से बच्चों के पंजीकरण, पाठ पढने और बुनियादी अंकगणित की क्षमता का आकलन किया जाता है। इन सभी स्तरों पर चिंताजनक स्थिति है। सबसे अधिक चिंता चौदह से अठारह वर्ष आयुवर्ग के बच्चों की शिक्षा के स्तर को लेकर जताई गई है। इस आयुवर्ग के बत्तीस फीसद से अधिक बच्चे किसी शैक्षणिक संस्था में पंजीकृत नहीं हैं। जो पंजीकृत हैं, उनमें से ज्यादातर की सीखने और कौशल विकास की क्षमता काफी कमजोर है। इस आयुवर्ग की लड़कियों के पंजीकरण में काफी गिरावट नजर आई है। इसकी कुछ वजहें स्पष्ट हैं। अधिकतर बच्चों के बीच में पढ़ाई छोडने का बड़ा कारण परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होना रहा है। उसके बाद स्कूलों की स्थिति ठीक न होना, उनमें बुनियादी सुविधाओं का अभाव आदि अनेक कारण हैं। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कोविड के बाद बहुत सारे निजी स्कूलों के स्थायी रूप से बंद हो जाने और लोगों की वित्तीय स्थिति ठीक न होने की वजह से बड़ी संख्या में बच्चे सरकारी स्कूलों में वापस लौटे हैं। मगर वहां उन्हें फिर उन्हीं स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, जो दस-बारह साल पहले करना पड़ता था। यानी शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है। इस तरह युवाओं में कौशल विकास का संकल्प एक बड़ी चुनौती लगता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों की दशा को अनेक अध्ययनों में चिंता जाहिर की जाती और उन्हें सुधारने के सुझाव दिए जाते रहे हैं। मगर राज्य सरकारें इस तरफ अब तक गंभीर नजर नहीं आतीं। बहुत सारे स्कूलों में छात्रों के अनुपात में अध्यापक तो दूर, एक या दो अध्यापकों से काम चलाना पड़ता है। कई राज्यों ने अध्यापकों की कमी दूर करने के लिए अनुबंध आधार पर पैरा शिक्षकों की भर्ती का रास्ता अख्तियार कर लिया है।

### अर्ज़ किया है..!

*आह को चाहिए*
*इक उम्र असर होते तक*
*कौन जीता है*
*तिरी ज़ुल्फ़ के सर होते तक*

*- मिर्ज़ा ग़ालिब*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**हम सच बोलकर सच्चे नहीं हो सकते, अच्छा बोलने से अच्छे नहीं हो सकते, हृदय की हद बढानी पड़ती है, केवल दाढ़ी बढानें से साधु नहीं बन सकते।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## सैर-सपाटा

# सर्दियों में चाहिए गर्मी का मजा

## तो भारत की इन चार जगहों पर जा सकते हैं आप

सर्दियां काफी बढ़ गई हैं। कई राज्यों में तो सर्दी को लेकर अलर्ट भी जारी हो गया है। अधिक ठंड पड़ने से स्कूलों में बच्चों की सर्दियों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। छुट्टियों पर कहीं घूमने जाने का यह अच्छा मौका है। लोग घर से निकलना तो चाहते हैं, परिवार, बच्चों या दोस्तों के साथ कोई मजेदार ट्रिप भी प्लान करना चाहते होंगे लेकिन सर्दी तो हर जगह है, यह सोचकर इस ठिठुरन में घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं। अगर आप भी यही सोच रहे हैं कि सर्दियों में कौन से पर्यटन स्थल पर जा सकते हैं, जहां इतनी ठंड न पड़ रही हो तो आपके पास कई विकल्प हैं। भारत में कई ऐसी खूबसूरत जगहें हैं, जहां सर्दियों के मौसम में गर्मी का पूरा मजा मिलता है। आप यहां मजे से घूम सकते हैं, वह भी बिना जैकेट स्वेटर के। तो चलिए जानते हैं सर्दियों में घूमने के लिए भारत की गर्म जगहों के बारे में, जो जनवरी और फरवरी में घूमने के लिए हैं बेस्ट डेस्टीनेशन।




### गोवा

भारत का गोवा विदेशी और देसी दोनों पर्यटकों की पहली पसंद है। अगर आपको समुद्र, बीच, नाईट लाइफ, पार्टी और मौज मस्ती करना पसंद है तो आप सर्दी के मौसम में गोवा जा सकते हैं। गोवा एक बेहतरीन टूरिस्ट डेस्टीनेशन है, जहां आप दोस्तों, परिवार या फिर सोलो ट्रिप पर भी जा सकते हैं। जनवरी की ठंड में भी आप गोवा में साधारण शर्ट या टी-शर्ट पहन कर घूम सकते हैं।



### जैसलमेर

सर्दियों में राजस्थान का जैसलमेर के सफर पर निकल सकते हैं। जैसलमेर में आपको ऐतिहासिक विरासत और संस्कृति दोनों का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। यहां कैंपिंग, नाइट आउट, ऊंट की सवारी और भी कई मजेदार एक्टिविटी का आप लुफ्त उठा सकते हैं। अच्छी बात ये हैं कि कड़ाके के ठंड के बाद भी यहां आपको बहुत कम ठंड लगेगी।



### कुर्ग

कर्नाटक में स्थित कुर्ग का आधिकारिक नाम कोडगु है। इसे दक्षिण भारत का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। सर्दियों के मौसम में कुर्ग में तापमान अधिक होता है। ठिठुरन वाली ठंड में आप यहां गर्माहट को महसूस कर सकते हैं। कुर्ग अपनी प्राकृतिक खूबसूरती से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।



### मुंबई

सर्दियों के मौसम में आप घूमने के लिए मुंबई भी जा सकते हैं। यहां समुद्र किनारे आप तेज लहरों को एंजॉय कर सकते हैं। घूमने के लिए मुंबई में कई टूरिस्ट डेस्टिनेशन हैं। प्रसिद्ध मंदिरों से लेकर खूबसूरत नजारों वाली जगहें और यहां का स्ट्रीट फूड यात्रियों को पसंद आता है। कम बजट और सामान्य तापमान में आप सर्दियों की छुट्टियां आराम से बिता सकते हैं।

## Highlights

1. **Why Dalits fight for land even after death: stories across India**
2. **Why are Osmania University women students protesting? details here**
3. **CM Bhupendra applauds unforgettable 69th Filmfare Awards 2024**
4. **RRR: Roads, reformation and responsibility**
5. **Man enters Delhi airport runway in major security breach**
6. **Protest over Hanuman flag removal in K'taka's Mandya; security increased**

# New to investing? 5 Stock market terms explained for beginners

**NEW DEIHI, (Agency).** If you are new to investing and have a tough time figuring out stock market terms, we have got you covered. Hindustan Times explains five major stock market terms that every beginner should know.

Stock portfolio

A stock portfolio is a person's or an institution's collection of investments. These include stocks, bonds, mutual funds, and other financial assets. But even though a portfolio means all of your investments, they might not be held in just one single account. Building a stock portfolio is pertinent as it can help you diversify your assets and spread your risk across stocks, bonds, and other types of investments that you wish to make.

Bear market and bull market

When prices are expected to fall, the market condition is




referred to as a bear market. This means major indexes or stocks decrease by 20% or more compared to previous highs. On the other hand, a bull market is a market condition in which prices are expected to rise which is characterized by gains of 20% or more.

Buyback

When a company repurchases its outstanding shares to reduce the number of shares on the market, the process is called buyback. In this, the company also returns profits to their investors which results in an increased value of the remaining shares.

Day trading

When shares of stocks are bought and sold within a single day, it is called day trading.

Debt-to-equity ratio

A function of a company's debt relative to its equity is called debt-to-equity ration. This means it is the value of its assets minus its liabilities and is calculated by dividing a company's total debt by total shareholder equity. A higher debt-to-equity ratio states the company may have a more difficult time covering its liabilities.

# Is Zerodha app still not working? What company said on the glitch

**NEW DEIHI, (Agency).** Zerodha app faced a service disruption as users complained on social media that they were unable to access their account information including holdings and trades. Some users even reported issues in order placement and difficulty in closing positions.

What users said on social media about Zeodha app glitch?

One user said on X (formerly Twitter), "Zerodha glitches have now




become new normal , company doesn't bother to work on their infrastructure to fix this recurring issue. Retailers are losing money because of this broker glitch. Founders take out some time from your podcasts and focus on your core company."

Another said, "Zerodha once again suffering from glitches, there's no end to this! Can't remember a week where all brokers functioned without any glitches. Horrible infrastructure."

DownDetector noted that problems with Zerodha's website, particularly in the mobile brokerage and trading services, were flagged at 9:00 am today.

# बाइक सवार ने ली बीबीए स्टूडेंट की जान

## रोड पार करते समय बाइक ने मारी टक्कर, दोस्त घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। परदेशीपुरा रोड पर सड़क क्रॉस कर रहे एक छात्र और उसके दोस्त को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों छात्र सड़क पर दूर जा गिरे। उन्हें उपचार के लिये नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। यहां एक छात्र ने दम तोड़ दिया। वह मूल रूप से राजगढ़ का रहने वाला था। इंदौर में रहकर बीबीए की पढ़ाई कर रहा था।**

परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक घटना मेन रोड़ की है। ऋषभ(20) पिता मुकेश पालीवाल अपने दोस्त के साथ रविवार रात सड़क क्रॉस कर रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे चपेट में ले लिया। बाइक की टक्कर से ऋषभ के सिर में गंभीर चोट आई। उसे आसपास के लोग डीएनएस अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसकी एक घंटे बाद मौत हो गई। जबकि दोस्त का उपचार चल रहा है।

पुलिस के मुताबिक ऋषभ ओर उसका दोस्त नजदीक ही खाना खाने गए थे। इसके बाद वह पैदल अपने रूम की तरफ जा रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए। ऋषभ इंदौर के रेनेसा कॉलेज से बीबीए थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रहा है। वह मूल रूप से सुठालिया जिला राजगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बाइक जब्त कर ली है।

ऋषभ की मौत को लेकर रात में दोस्तों ने उसके पिता मुकेश पालीवाल को जानकारी दी। रात में परिवार इंदौर के लिये रवाना हो गया। मुकेश गांव में ही किराना दुकान का संचालन करते है। ऋषभ का एक बड़ा भाई भी है। जिसकी मानसिक हालत ठीक नही है।

# देर रात तक डीजे पर नाचने की बात पर विवाद में हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चंदन नगर में रहने वाले बारहवीं के छात्र पर उसके छोटे भाई के दोस्तों ने मारपीट कर दी। इस दौरान एक युवक ने स्टूडेंट पर चाकू से हमला कर दिया। स्टूडेंट के पैर और कमर में चोट आई है। पुलिस ने रात में शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक अरमान शेख निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी ने बताया कि वह आदर्श ग्रीन स्कूल में चल रहे एक शादी समारोह में अपने छोटे भाई रेहान को लेने पहुंचा। यहां रेहान के साथ अन्य युवक डीजे पर नाच रहे थे। रेहान के घर जाने की बात पर उसके दोस्तों ने उसका हाथ पकडक़र थोड़ी देर रुकने की बात कही। अरमान ने रात ज्यादा होने की बात की तो आरोपियों ने उससे विवाद किया। इसके बाद सभी युवक मिलकर अरमान के साथ मारपीट करने लगे। तभी एक युवक ने चाकू निकाला और अरमान के पैर पर मार दिया। वहीं दूसरा वार उसके पेट पर किया। इस दौरान अरमान पीछे हट गया। चाकूबाजी के बाद शादी समारोह में भगदड़ मच गई। देर रात सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने रेहान के दोस्तो के खिलाफ चाकूबाजी के मामले में केस दर्ज कर लिया है।

## परमार को मिला मालवा रत्न सम्मान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संस्था शांति स्पोर्ट्स एण्ड वेलफ़ेयर फ़ाउंडेशन और फिज़िकल एजुकेशन एण्ड हेल्थ ऑर्गेनाइज़ेशन इंडिया द्वारा देहरियाँ साहू में समाजसेवी मनोज परमार का सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि इंदौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित के चेयरमेन मोतीसिंग पटेल जनपद अध्यक्ष रामेश्वर गुर्जर और आयोजक कोच विजेंद्र सिंग खरसोदिया एवं ग्राम समिति द्वारा दलित नेता और अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को उत्कृष्ट समाजसेवा के लिये मालवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से देवास भाजपा उपाध्यक्ष प्रीतम सिंग राजपूत मालवा पाटीदार ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश पाटीदार देवास दुग्ध संघ के डायरेक्टर कृपालसिंह सोंधिया जितेंद्र पाटीदार सरपंच राजेश चक्रवती परमानंद पिपलोदिया सरपंच सुभाष मालवीय पार्षद अमित धुलिये सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## होटल के कमरे से पकड़ा 58 हजार का जुआ, 8 बंदी

**इंदौर।** विजयनगर में पुलिस ने एक होटल पर छापा मारकर जुआ खेल रहे 8 लोगों को गिर तार कर उनसे 58 हजार रुपए से ज्यादा बरामद किए हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने स्कीम नंबर 74 स्थित डेस्टीन होटल के एक रूम पर छापा मारा। इस कमरे में जुआ चल रहा था। पुलिस ने 8 आरोपी शुभम पिता महेंद्र द्विवेदी, चिंटू पिता रूप सिंह ठाकुर निवासी रामकृष्ण कालोनी,बलराम पिता भगवान सिंह राठौर निवासी देवपुरी कालोनी,सत्री पिता स्वामीदीप पटेल निवासी देवकीनगर कालोनी,संदीप पिता संतोष तिवारी निवासी चित्रा नगर,कमलेश पिता रामनाथ पिरौलिया निवासी रामकृष्ण बाग कालोनी, दीपक पिता सोवरन सिंह सेंगर और देवेंद्र पिता अशोक चौरसिया निवासी धीरज नगर को गिर तार किया है। इनके पास से 58 हजार 700 रूपए नकद और ताश पत्ते जब्त किए गए।

## प्रापर्टी ब्रोकर का बैग उड़ा ले गए

**इंदौर।** चंदन नगर में प्रापर्टी ब्रोकर की गाड़ी से बदमाश कैश और जरुरी दस्तावेज से भरा बैग चुराकर भाग गए। चंदननगर पुलिस के मुताबिक आनंद पिता बंशीलाल शर्मा प्रजापत नगर डी सेक्टर में रहते हैं। आनंद ने बताया कि उनकी ओला स्कूटर सब्जी मंडी पर बंद हो गई थी। वह गाड़ी को यहीं पर छोडक़र पैदल घर आ गए थे। जब दूसरी गाड़ी से मौके पर पहुंचे तो उनके पास बैग था। इसमें मोबाइल, लैपटॉप, कुछ नकदी और डॉक्यूमेंट रखे थे। जब ओला कंपनी के कस्टमर केयर से फोन पर बात करने लगे तभी बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। आनंद ने मामले की जानकारी डायल 100 को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मंडी के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज की तलाश कर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।






# ज्यादा शराब पीने से युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर के थाना सेक्टर 1 अंतर्गत एक 40 वर्षीय युवक के अत्यधिक शराब के सेवन से मौत का मामला सामने आया हैं। जांच अधिकारी एजेड खान से बताया कि शनिवार देर शाम सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक को अपने मित्र से मिलने यहां आया था। उसकी अचानक मौत हो गई। मौके पर पहुंच पुलिस ने जांच की, तो प्रथम दृष्ट्या मामला हार्ट अटैक का लग रहा है।

जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक दीपक पवार ने बताया कि 40 वर्षीय युवक की मौत की सूचना उसके मित्र कपिल पंडाग्रे से प्राप्त हुई। उसने बताया कि युवक राजू उर्फ राजेंद्र पिता साहेबराव खंडाग्रे (40) निवासी काना खापा उससे मिलने आया था। उसकी अचानक मौत हो गई।

सूचना के बाद पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर परिजनों को सूचना कर परिजनों के पहुंचने पर आज शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। इसमें पाया गया कि युवक शराब पीने का आदि था और अत्यधिक शराब के सेवन से साइलेंट अटैक आने पर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने करवाई पूर्ण कर शव परिजनों को सौप दिया गया। जिसे परिजन बैतूल ले जाने की बात कर रहे है।

## ताश खिलाने से रोका तो चलाई तलवार, पिता-पुत्र सहित तीन हो गए घायल, तीन पर केस

**इंदौर।** जीत नगर में बच्चों को ताश खेलना सिखाने का विरोध करने पर तीन लोगों ने तलवार से हमला बोल दिया। हमलावरों ने पिता-पुत्र को गंभीर रुप से घायल कर दिया। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। भंवरकुआ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राणघातक हमले का केस दर्ज किया है। जीतनगर निवासी प्रतीक जाधव ने पुलिस को बताया कि पालदा में रहने वाला सागर करोले बच्चों को ताश पत्नी खिलाना सिखा रहा था। वह ताश के जरिए जुए के दाव लगाना भी बता रहा था। मैने सागर की इस हरकत का विरोध किया। तो सागर करोले ने गाली-गलौज शुरु कर दी। वह आटो रिक्शा से तलवार निकाल कर लाया तो मेरे पास खड़े युवराज की गर्दन पर हमला कर दिया। उसके साथ ही प्रकाश ने मेरे सिर पर तलवार से वार कर दिया। मेरे पिता मुकेश बीच-बचाव करने आए तो आरोपियों ने उन पर भी टामी से हमला कर दिया। पुलिस ने प्रतीक जाधव, जीतनगर की शिकायत पर सागर करोले निवासी पालदा, प्रकाश करोले, राजेश चौधरी पर हत्या के प्रयास के मामले में केस दर्ज किया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक